जिहाद

में सेवा करने और भाग लेने के

39 मार्ग

अत-तिब्यान पब्लिकेशन

जिहाद में सेवा करने और भाग लेने के

39 मार्ग

अनुवाद: अत-तिब्यान प्रकाशन द्वारा

परिचय 5

1. जिहाद के लिये मन बनाओ 7

2. सच्चे मन से अल्लाह से शहादत मांगो 9

3. जिहाद में स्वयं आगे बढ़ो 11

5. जिहाद के जो लड़ाके जा रहे हों उनको तैयार करने में सहायता करो 13

6. जिहाद के लड़ाकों के परिवार की देखभाल करो 14

7. जिहाद में शहीद होने वालों के परिवार का भरणपोषण करो 15

8. जिहाद में घायल हुए अथवा बंदी बनाये गये लोगों के परिवारों का भरणपोषण करो 16

9. मुजाहिद्दीनों के लिये धन एकत्र करो 17

10. उनको जकात दो 18

11. घायलों के उपचार में सहायता करो 20

12. मुजाहिद्दीनों की प्रशंसा करो और सबसे सामने उनके कार्यों का वर्णन करो और लोगों से उनके पदचिह्नों पर चलने का आह्वान करो 22

13. मुजाहिद्दीनों को प्रोत्साहित करो और उन्हें जिहाद की राह में आगे बढ़ने की प्रेरणा दो 22

14. मुजाहिद्दीनों के पक्ष में स्वर मुखर करो और उनका बचाव करो 23

15. अपने भीतर के बहुरूपियों व द्रोहियों को उजागर करो 24

16. जिहाद के लिये लोगों का आह्वान करो 26

17. मुसलमानों और मुजाहिद्दीनों को परामर्श दो 28

18. मुजाहिद्दीनों के उन रहस्यों को छिपाओ जिससे शत्रु को लाभ हो सकता हो 28

19. उनके लिये प्रार्थना करो 29

20. विपदा दूर भागने के लिये इबादत करो (कुनुत अन—नवाज़िल पढ़ो) 30

21. जिहाद के समाचारों को देखो और फैलाओ 31

22. उनकी पुस्तकों व प्रकाशनों की रिलीज को फैलाने में भाग लो 33

23. ऐसे फतवा निर्गत करो जिससे उनको सहायता मिले 34

24. मजहबी विद्वानों व उपदेशकों से जुड़े रहो तथा उन्हें मुजाहिद्दीनों की स्थिति से अवगत कराते रहो 35

25. शारीरिक रूप से बलिष्ठ बनो 36

26. शस्त्रों (हथियारों) का प्रशिक्षण लो तथा उन्हें चलाना सीखो 37

27. तैराकी व घुड़सवारी सीखो 39

28. प्राथमिक उपचार करना सीखो 40

29. जिहाद का फिक़्ह सीखो 41

30. मुजाहिद्दीन को आश्रय देना और उनका सम्मान करना 41

31. इस्लाम को न मानने वालों अर्थात काफिरों से शत्रुता रखना और उनसे घृणा करना 42

32. अपने बंदियों को छुड़ाने का प्रयास करो 42

33. बंदियों के बारे में समाचार फैलाओ और उनकी स्थिति की जानकारी लेते रहो 43

34. इलेक्ट्रॉनिक जिहाद 44

35. काफिरों के विरोध में खड़े रहो 45

36. अपने बच्चों के मन में जिहाद और जिहाद करने वालों के प्रति प्रेम उत्पन्न करो 46

37. सुख-सुविधा में जीना छोड़ो 47

38. शत्रु के ईश्वर का बहिष्कार करो 49

39. जंग छेड़ने वालों (हरबिय्यीन) में किसी को काम पर मत रखो 53

निष्कर्ष 54

अततिब्यान प्रकाशन की विज्ञप्ति 61

परिचय

उस अल्लाह की बंदगी जिसने अपने सेवकों पर जिहाद अनिवार्य किया है और धरती पर उनके जमने एवं गैर-मुसलमान लोगों पर प्रभुत्व स्थापित करने का वचन दिया है। और उसके सेवकों में सर्वोत्तम, जिसने अल्लाह की राह में तब तक संघर्ष किया जब तक कि उसे नहीं प्राप्त कर लिया जो निश्चित (मृत्यु) थी, उन पर दुआ और शांति हो। अल्लाह उन पर, उनके घर और उनके सच्चे व शुद्ध साथियों कृपा व शांति बरसाये।

क्या करना है:

मेरे प्रतिष्ठित भाइयो: जिस समय में हम जी रहे हैं, वह इस्लाम के लिये आपदा व विलगाव का समय है। इतिहास में संसार ऐसा पहले कभी नहीं रहा है कि जहां परायापन मानदंड बन चुका हो, आपदा चारों ओर व्याप्त हो गयी हो और समूची धरती इस प्रकार के संघर्ष और दीन पर चलने वाले लोगों को भगाकर उनके स्थान पर नियंत्रण करने एवं वाणी व शस्त्रों से इस कृत्य का बचाव करने का मंच बन गया हो। इसलिये समस्त विश्व ने आतंकवाद अथवा यूं कहें कि जिहाद के विरुद्ध युद्ध की घोषणा कर दी है एवं समस्त विश्व जिहाद व मुसलमानों द्वारा प्रयुक्त इसके विभिन्न रूपों के विरोध में खड़ा हो गया है।

तो इस्लाम पर एक साथ आक्रमण हुआ है और धरती के सभी स्थानों पर गैर-मुस्लिम देश व उनके सहायक अत-ताइफाह अल-मंसूराह[1] के विरुद्ध एकत्र हो गये हैं। अत-ताइफाह अल-मंसूराह ने कुफ्र और काफिरों (गैर-मुस्लिमों) के विरुद्ध जंग छेड़ने का दायित्व अपने कंधे पर लिया है। कुफ्र और काफिरों के विरुद्ध जंग सीधी और भयानक होगी, जिसमें किसी प्रकार का विश्राम या दया नहीं होनी चाहिए, जब तक कि जब वे उस जंग में हों और अल्लाह का आदेश न आ जाए कि जिन्होंने अपने द्रोह से मुसलमानों के साथ विश्वासघात किया है या मुसलमानों को हराया है अथवा जो इस निम्न कोटि के सांसारिक जीवन के दलदल में धंस चुके हैं, उनके द्वारा जंगी मुसलमानों को कोई हानि नहीं पहुंचायी जाएगी। और भले ही मुसलमान कुफ्र के समूह, इस्लाम छोड़ने वाले दल व इस्लाम को अस्वीकार करने वाले समूहों अथवा गलत मार्ग पर चले गये नवजागरण वादियों का विरोध करें, किंतु इन काफिरों द्वारा मुसलमानों को कोई हानि नहीं पहुंचायी जाएगी। और इसमें तनिक भी संदेह नहीं है कि आज के समय में जिहाद अल्लाह की निकटता प्राप्त करने का सर्वोत्तम साधन है। वास्तव में यह एक अनिवार्यता है, जिसे अल्लाह ने सभी मुसलमानों को करने का आदेश दिया है और अल्लाह में विश्वास करने के बाद मुसलमानों के लिये जिहाद करने और मुसलमानों की भूमि को वापस छीन लेने से अधिक आवश्यक अन्य कोई कार्य नहीं है।

यदि तुम किसी देश में इस्लाम की ओर कदम बढ़ाओ तो तुम स्वयं को ऐसे पंक्षी के रूप पाओगे ,जिसके पंख काट दिये गये हों।

[1] सहायता प्राप्त समूह

आज उम्माह के पास एकमात्र विकल्प जिहाद है, क्योंकि शत्रुओं ने आज एक-एक कर मुसलमानों की भूमि पर अधिकार कर लिया है- जैसा कि सर्वप्रभुत्वसम्पन्न अल्लाह ने कहा है, *"...और वे तब तक लड़ना नहीं छोड़ेंगे, जब तक कि तुम्हें तुम्हारे दीन से दूर न कर दें, यदि उनके वश में हो..."*

इसलिये आज मुसलमानों के पास जिहाद और हथियारों की भाषा के अतिरिक्त कोई अन्य विकल्प नहीं बचा है।

अपने स्वामी के नाम से, बताओ मुझेः हमारे सामने ऐसा हमलावर शत्रु है, जिसने भूमि पर अधिकार कर लिया, सम्मान छीन लिया, बच्चों को अनाथ बनाया, औरतों को विधवा बनाया और जो प्रत्येक स्थान पर इस्लाम पर आक्रमण कर रहा है... ये सब देखते हुए, क्या कोई संदेह है कि इस शत्रु से निपटने के लिये ताकत व प्रतिशोध की भाषा से ही उपाय निकलेगा?

क्या लोहा ही लोहे को नहीं काटता है, क्या किसी ताकत से निपटने के लिये ताकत की ही आवश्यकता नहीं होती है...

और हमारे लिये तो यह कुरआन और सुन्नत में ही स्थापित कर दी गयी थी- और वास्तविकता इसकी साक्षी बन रही है तथा इसकी पुष्टि कर रही है- कि जो अपनी हानि और थोड़ी-बहुत विफलता के भय से अल्लाह के प्रति समर्पण छोड़कर उसके प्रति दासता व समर्पण प्रदर्शित करने लगते हैं जो अतिक्रमणकारी हैं, उनके पास शांति और समझौता नहीं आता है। जो मुसलमानों के नाम पर उन शासकों से शांति और समझौता मांगते हैं जो कि हमारे में से नहीं हैं और जिनमें से हम नहीं हैं, तुम्हें ऐसे लोगों के बारे में चेताया जा रहा है। ऐसे लोग तो हमारे प्रबल शत्रु हैं, क्योंकि ऐसे लोगों को ही माध्यम बनाकर गैर-मुसलमानों ने हमारे साथ खेल किया है और उनकी योजनाओं व छल के माध्यम से हम मुसलमानों के अधिकार छीने और हड़पे गये हैं।

ऐसा भला होता भी क्यों न, जब अल्लाह ने अपनी पुस्तक में हमें पहले ही बता दिया था कि उन्होंने एक विशेष लक्ष्य के साथ हमसे जंग छेड़ दिया और वह लक्ष्य है: **"...यदि उनके वश में है तो जब तक वे तुम्हें तुम्हारे दीन से दूर नहीं कर देते..."**

महानतम जिहाद के अतिरिक्त कोई और समाधान नहीं है। विश्व की शांति अब हमें संतुष्टि नहीं देती है।
शत्रु के लिये कोई शांति न हो। यह प्रत्येक मुसलमान के मन की बात व मन का विश्वास है।

इस दृष्टिकोण से और चूंकि जिहाद उम्मा की इच्छा, आवश्यकता एवं अध्यारोपित अनिवार्यता है, तो मैंने निर्णय किया- अपने एक और भाई से परामर्श कर उन कुछ कदमों के बारे में लिखूं कि जिहाद और अपने लोगों की सेवा कैसे करें, जिहाद के प्रशिक्षण को ऊर्जा कैसे प्रदान करें। प्रसन्नता की बात यह है कि अतिक्रमणकारियों (गैर-मुसलमानों) के अति अहंकार के बाद भी जिहाद तेजी से फैल रहा है।

और हमने इस पत्रक का शीर्षक दिया है: **'जिहाद में सेवा करने और भाग लेने का 39 मार्ग'**

...अल्लाह से मार्गदर्शन, सहायता व दृढ़ता मांगते हुए तथा इसकी स्वीकार्यकता व लोगों के लाभ हेतु फतवा देने के लिये।

लेखकः मुहम्मद बिन अहमद आस-सलीम ('ईसा अल-'औशिन)—19/5/1424एच

1. जिहाद के लिये अपना मन बनाओ

मन के भीतर से जिहाद का स्वर फूटना चाहिए। मन में जिहाद के प्रति ऐसी सच्ची भावना उत्पन्न होनी चाहिए कि जब कभी जिहाद के लिये पुकारने वाला कहे: 'हे अल्लाह के घुड़सवार फौजियों! धावा बोलो' तो व्यक्ति जिहाद करने निकल पड़े और व्यक्ति स्वयं से कहे कि वह जंग में कूद पड़ेगा एवं यदि उससे जंग में आगे बढ़ने को कहा जाएगा अथवा उसके भाइयों को उसकी सहायता की आवश्यकता पड़ेगी, तो वह जंग में आगे बढ़ जाएगा। जैसा कि रसूल (सल्ललाहु...) ने कहा है**, '...यदि तुमसे जंग में आगे बढ़ने को कहा जाए तो आगे बढ़ो।"**

मन में ऐसा भाव होना चाहिए कि यदि कोई व्यक्ति जंग में जाने की मंशा रखता है और किसी कारणवश वह न जा पाये तो उसे इस पर पीड़ा हो, क्योंकि अल्लाह ने उन अशअरिय्यीन (साथियों) के बारे में कहा है जो जंग में जाने की तैयारी कर पाने में असमर्थ रहे:

"और उन पर दोष नहीं है, जो तुम्हारे पास सवारी की व्यवस्था के लिये आये, और जब तुमने कहा: "मेरे पास इतना नहीं कि तुम्हारे लिए सवारी की व्यवस्था कर सकूं" तो वे अपनी आंखों इस दुख के साथ आंसू लिये वापस गये कि उनके पास व्यय करने के लिये कुछ नहीं है।"[2]

जिहाद अर्थात जंग के लिये ऐसी पूर्ण मंशा (इरादा) होनी चाहिए और अल्लाह के मार्ग में जंग करने से चूक जाने पर दुख व पश्चाताप का ऐसा भाव होना चाहिए।

जब किसी के लिये मार्ग बंद हो जाए अथवा वह जंग में जाने में समर्थ नहीं हो और वह कहे: "अल्लाह का धन्यवाद, जिहाद के आवश्यक धन या संपत्ति न देकर उसने मुझे बचा लिया", तो समझ लो कि यह वही व्यक्ति है जो जिहाद से घृणा करता है और जंग नहीं चाहता है। जो जंग से घृणा करते हैं और जिहाद में आगे नहीं बढ़ते हैं, वो व्यक्ति ढोंगी होते हैं। और यदि वे जंग के लिये जाते भी हैं, तो वे फौज को हतोत्साहित करते हैं और जब जंग शुरू होती है तो भाग खड़े होते हैं। और जो जंग व जिहाद से चूक जाने पर दुख में विलाप करते हैं और जो बहाने बनाकर जंग से बचने पर अपने आनंद व प्रसन्नता को छिपाते हैं, उनमें अल्लाह स्पष्ट अंतर जान जाता है, क्योंकि अल्लाह सब जानता है कि क्या छिपाया गया है और मन के भीतर क्या है...

और स्वयं से ही जंग लड़ने का पक्का इरादा कर लेने से व्यक्ति के भीतर से ढोंगी लक्षण समाप्त हो जाते हैं, जैसा कि अबू हुरैरा (अल्लाह उनसे प्रसन्न हो) की हदीस से सही मुस्लिम में दर्शाया गया है कि अल्लाह के रसूल (अल्लाह उन्हें शांति प्रदान करे) ने कहा: जो कोई भी (अल्लाह के मार्ग में) जंग किये बिना मरता है अथवा जंग करने की इच्छा नहीं रखता है, वह ढोंगियों के जैसा ही मरता है।

---

[2] अत-तौबा;92

शेख उल-इस्लाम इब्न तैमिय्याह ने कहा:

"और जहां छोटे-मोटे ढोंग (निफक) की बात है, तो उसके कार्यों से निश्चित होगा कि ढोंग कितना और कहां है। उदाहरण के लिये यदि कोई व्यक्ति बोलते समय झूठ कहता है अथवा वचन देने के बाद इसे तोड़ देता है, अथवा उस पर विश्वास करके कोई बात बतायी गयी है और वह उसे दूसरों तक पहुंचा देता है अथवा किसी के साथ विपरीत परिस्थिति में होने पर बुरा बोलने लगता है... तथा इसमें जिहाद से दूर भागना भी सम्मिलित हो, तो ये सब ढोंगीपन (मुनाफिकीन) के लक्षण होते हैं। रसूल (उन पर शांति हो) ने कहा: "जो कोई भी (अल्लाह के मार्ग में) जंग किये बिना मरता है अथवा जंग करने की इच्छा नहीं रखता है, वह ढोंगियों के जैसा ही मरता है।" और अल्लाह ने 'बराह' (अत-तौबा) का अध्याय भेजा है, जिसे नंगा करने वाला भी कहा जाता है, क्योंकि इसमें ढोंगियों को नंगा किया गया है। अल्लाह ने इस अध्याय में ढोंगियों की स्थिति को स्पष्ट किया है और इसमें बताया है कि ढोंगियों में कायरता व जिहाद के प्रति अरुचि होती है और अल्लाह ने उन्हें अल्लाह के मार्ग में व्यय करने में कृपणता दिखाने वाला (कंजूसी दिखाने वाला) तथा अपने धन का लोभ करने वाला बताया है। अल्लाह ने कहा है कि कायरता और कंजूसी दो खतरनाक रोग हैं। अल्लाह ने कहा:

"...वस्तुत: मोमिन वही होते हैं जिन्होंने अल्लाह और उसके रसूल में विश्वास किया है और फिर संदेह नहीं किया, और अल्लाह के मार्ग में अपने धन व प्राण से जिहाद (जंग) किया है। वो ही! वे ही सच्चे हैं।"[3]

इस प्रकार अल्लाह ने मोमिन उसी को बताया, जो उसमें विश्वास करते हैं और जिहाद करते हैं। और अल्लाह ने कहा:

"जो अल्लाह और प्रलय (कयामत) के दिन में विश्वास करते हैं वो अल्लाह के मार्ग में अपने धन व प्राण से जंग करने से कभी छूट नहीं मांगेंगे और अल्लाह भली-भांति जानता है कि कौन सच्चा है। जो अल्लाह और कयामत में विश्वास नहीं करते और जिनके मन में संदेह है वही तुमसे अल्लाह के मार्ग में जंग करने से बचने की छूट मांगते हैं और वही संदेह के वशीभूत इधर-उधर डोलते हैं।"[4]

तो अल्लाह हमें बता रहा है कि मोमिन को रसूल से कभी जिहाद से छूट नहीं मागना चाहिए और जो यह छूट मांगते हैं वो वही हैं जो विश्वास नहीं करते हैं। अत: रसूल की अनुमति के बिना इसे (जिहाद) जो छोड़ देता है, उसका क्या होगा?"[5]

अत: आगाह रहो, आगाह रहो, मेरे मुस्लिम भाइयो, कहीं ऐसा न हो कि तुम भी ढोंगी न बन जाओ या तुम भी ढोगियों के जैसा ही न मर जाओ। और वे जो मुजाहिद्दीनों की भर्त्सना करते हैं या फिर जो लांक्षन लगाते हुए जिहाद के लिये जाते हैं- जैसे कि जो कभी कहते हैं कि वह बड़ा अधीर है और फिर अगले ही क्षण उस पर आरोप लगाते हैं कि उसने परामर्श नहीं किया- तो उनको मैं कहूंगा:

---

[3] अल-हुजुरात; 15

[4] अत-तौबा;44-45

[5] मज्मू अल-फतवा 28/436

हे! तुमने जिहाद करने वाले हमारे युवाओं की भर्त्सना की है। अपना लांक्षन और अस्वीकृति अपने पास रखो।

क्या जो जन्नत के बागों और उसके सुगंध की इच्छा रखता है, और जो अपने साथियों की राह में निरंतर यात्रा कर रहा है, वह लांक्षन लगाये जाने योग्य है?

क्या जिसने इस संसार और इसके खालीपन को त्याग दिया और दृढ़ संकल्प के साथ जिहाद में जाकर आगे बढ़ा, वह लांक्षन लगाये जाने योग्य है?

क्या जिसने अपना जीवन अल्लाह के लिये समर्पित कर दिया है और सर्वोत्तम गंतव्य फिरदौस को पाना चाहता है, वह लांक्षन लगाये जाने योग्य है?

अत: जिहाद और इसके लोगों की निंदा करना छोड़ दो। ढोंग के वर्णन को समझो, आगाह रहो...

जो कोई भी जंग नहीं करता है अथवा जंग की मंशा नहीं रखता है, वह जब मरता है तो उसकी मृत्यु भयानक होती है...

वस्तुत: जिहाद हमारे सम्मान का मार्ग है और जिहाद को छोड़कर हम अपमानित होते हैं और एक नीच के जैसा जीवन जीते हैं।

2. सच्चे मन से अल्लाह से शहादत मांगो

... अल्लाह से सच्चे मन, लगन और आग्रहपूर्वक शहादत मांगना चाहिए। क्योंकि जो कोई भी सच्चे मन से अल्लाह से शहादत मांगता है, उसे अल्लाह द्वारा शहीद का दर्जा दिया जाता है- भले ही वह अपने बिछौने पर क्यों न मरे। जैसा कि सही बुखारी में अनस बिन मलिक (अल्लाह उनसे प्रसन्न हों) ने बताया कि उन्होंने कहा कि अल्लाह के रसूल (उन पर शांति हो) ने कहा: **"जो कोई भी शहादत मांगता है और सच्चे मन से मांगता है तो भले ही वह शहादत प्राप्त न कर पाये, पर उसे यह मिलता है।"**, और एक और वर्णन में बताया:"...**भले ही वह अपने बिछौने पर मरे, पर अल्लाह उसे शहादत का दर्जा प्रदान करता है।"**

शेख अब्दुल्ला आजम (अल्लाह उन पर कृपा करें) ने कहा: "और इन दो हदीसों का अर्थ है कि यदि वह सच्चे मन से अल्लाह से शहादत मांगता है, तो भले ही वह बिछौने पर मरणासन्न हो, उसे शहादत का पुरस्कार मिलता है..."

शेख अब्दुल्ला आजम ने यह भी कहा:"...किंतु, सच्चे मन से शहादत मांगने का आशय यह है कि कोई व्यक्ति इसके लिये उचित तैयारी करे:

''...और यदि उन्होंने आगे बढ़ने का मन बनाया है, तो उन्होंने इसके लिये कुछ तैयारियां भी की होंगी... ।''[6]

जैसे कि अफगानिस्तान में जिहाद के दस वर्ष गुजरने के साथ ही वहां पहुंचना सुरक्षित और पक्का हो तथा सीमाएं भी खुली हों, पर वह जिहाद करने पेशावर न जाए? तो यदि वह सोचता है कि उसने सच्चे मन से शहादत मांगी थी, तो उसके लिये हम यही कहेंगे कि अल्लाह से उसे क्षमा करे। क्या तुम उस बद्दू को नहीं देख रहे जिसने अल्लाह के रसूल (उन पर शांति हो) से कहा: क्या मैं आपके पीछे-पीछे आऊं और घायल हो जाऊं- और उसने अपने गले की ओर संकेत किया- जिससे कि मैं जन्नत में प्रवेश पा सकूं,'' और वह बद्दू बाद में घायल हो गया और उसे घाव वहीं लगा जहां उसने संकेत किया था, तो रसूल (उन पर शांति हो) ने कहा: ''वह अल्लाह के प्रति सच्चा था, अत: अल्लाह भी उसके प्रति सच्चे थे।''

और शहादत का सच्चा प्रयास तब कहा जाएगा, जब कोई हंगामा या कोलाहल सुनते ही तीर की भांति तत्परता से जिहाद में लड़ने चला जाए। इसे शहादत का प्रयास नहीं कहा जाएगा कि जिहाद के लिये पुकारा जाए, तो कोई विलंब करे या दीन की सहायता में ढीला-ढ़ाला रहे और फिर जिहाद में जाने का दिखावा करे। इसकी अपेक्षा शहादत का सच्चा प्रयास करने वाला बारंबार कहेगा:

मेरे अल्लाह, आपकी सहायता से, रूहें जन्नत में हैं। अत: मेरे खुदा, मेरे खून को जिहाद में लगा दो, चूंकि मुझे पापों ने घेर लिया है और उन पापों को नष्ट करने के लिये शहादत के अतिरिक्त अन्य कोई उपाय नहीं है।

मेरे अल्लाह, मेरे अल्लाह! मैं बस शहादत चाहता हूं। अत: हे दयावान अल्लाह, अपने बल से मेरी गुजारिश मान लो!

अत: यह सुनिश्चित करो कि अल्लाह के साथ सच्चे और उसके साथ सदा आग्रही रहो कि वह तुम्हें- शत्रु का सामने करने एवं पीठ न दिखाने- अपने मार्ग में शहादत दे तथा जिहाद करने के लिये तुम्हारी दृढ़-इच्छाशक्ति को और ठोस बनाये। और यह जान लो कि जो अल्लाह से सच्चे मन से शहादत मांगता है, तो जहां कहीं भी इसके मिलने की संभावना होती है, वहां वह इसे ढूंढ़ता है और निरंतर ढूंढ़ता रहता है। ऐसा नहीं होता कि कोई शहादत मांगे और जब तक उसके पास शहादत पहुंचा न दी जाए, वह जाकर सो जाए।

तुम सफलता की आशा करते हैं, पर इसके लिये मार्ग नहीं बनाते हो। वस्तुत: जहाज सूखी भूमि पर नहीं तैरते हैं।

3. जिहाद में स्वयं जाओ

...अल्लाह के मार्ग में स्वयं जिहाद करने जाओ और इस काम न तो आलस्य दिखाओ और न ही कोई बहाना बनाकर विलंब करो, क्योंकि जिहाद में पीछे रहकर आनंदमग्न रहने का अर्थ है कि तुम जन्नत को छोड़कर इस दुखभरे संसार में रहकर प्रसन्न हो रहे हो।

---

[6] अत-तौबा;46

और अल्लाह के मार्ग में स्वयं जिहाद करना महान अल्लाह की निकटता प्राप्त करने का सर्वोत्तम व महानतम उपाय है और जिहाद से जो पुण्य मिलता है, वह किसी से छिपा नहीं है।

कुरआन और सुन्नत में जिहाद का बखान किया गया है। इस पत्रक में तन-मन-धन से जिहाद करने वालों के गुणों और शहीद व शहादत के गुणों का पर्याप्त उल्लेख किया गया, जिससे यह अपेक्षा से अधिक लंबा हो गया है। कुरआन में जिहाद के बारे में लगभग 70 आयतें हैं और सुन्नत में हदीस के विद्वानों ने अपने लेखों में जिहाद, जिहाद के नियमों व गुणों के बारे भिन्न-भिन्न अध्यायों को संकलित किया है।

और जब 'जिहाद' शब्द का उल्लेख होता है तो यह क़ितल[7] की ओर इंगित करता है, जैसा कि इब्न रुशद ने कहा:"...और जब 'जिहाद' शब्द का उल्लेख किया जाता है तो इसका अर्थ यह होता है कि जब तक काफिर (गैर-मुसलमान) पराजित न हो जाएं और अपमानजनक स्थिति में न आ जाएं एवं अपने हाथों से जजिया कर न दें, उनसे तलवार से लड़ना है...।"

इसलिये किसी को भी जिहाद शब्द का सामान्यीकरण करते हुए इसे अपने भीतर की बुराइयों से संघर्ष करने (जिहाद अन-नफ्स) अथवा लेखन या वाचन से संघर्ष करने, अथवा अल्लाह के दीन में लोगों को बुलाने (दावा) के रूप में नहीं लेना चाहिए। यह सच है कि ये सब अल्लाह के प्रति आज्ञाकारिता व अल्लाह की कृपा पाने के लिये किये जाने वाले काम हैं, किंतु इस्लामी कानून की पुस्तकों में जब तक इन बातों के अर्थ न जोड़े गये हों, जिहाद शब्द का आशय अन-नफ्स, दावा या इन कामों से नहीं है।

और जिहाद सर्वोत्तम सच्चा काम है:

अल्लाह के रसूल (उन पर शांति हो) से पूछा गया, "उनके लोगों में सर्वोत्तम कौन है?" तो उन्होंने (उन पर शांति हो) कहा: **"वह मोमिन जो अपने तन-मन और धन से अल्लाह के मार्ग में जिहाद करता है।"** फिर उन्होंने पूछा:"फिर कौन?" उन्होंने (उन पर शांति हो) कहा: **"किसी पहाड़ के दर्रे में वह मोमिन जो अल्लाह से डरता है और उसके कोप से उन लोगों की रक्षा करता है।"**[8]

और उन्होंने (उन पर शांति हो) कहा: **"वस्तुत:, जन्नत में ऐसे सौ स्तर (दर्जे) हैं जिसे अल्लाह ने अपने मार्ग में लड़ने वाले मुजाहिद्दीनों के लिये बनाया है; प्रत्येक स्तर के बीच वैसी ही दूरी है, जैसे कि जन्नत और धरती के बीच है, तो यदि तुम अल्लाह से पूछते हो, उससे फिरदौस की इच्छा करते हो, तो जान लो कि फिरदौस जन्नत का सबसे ऊंचा व सबसे प्रमुख भाग है और इसके ऊपर उस सर्वाधिक दयावान का सिंहासन है, और इससे जन्नत की नदियां आगे बहती हैं।"**[9]

---

[7] संघर्ष

[8] अल-बुखारी द्वारा वर्णित

[9] अल-बुखारी द्वारा वर्णित

और उन्होंने (उन पर शांति हो) कहा: **अल्लाह के मार्ग में जिहाद करने वाले किसी बंदे के पैर धूल से नहीं सनते हैं, बस ऐसा न हो कि अल्लाह ने उसे आग से रोका हो।**[10]

और उन्होंने (उन पर शांति हो) कहा: **जो भी ऊंटनी पर सवार होकर अल्लाह के मार्ग में जंग करता है, तो उसके लिये जन्नत पक्का है। और जो कोई अपनी इच्छा और सच्चे मन से अल्लाह से मांगता कि वह उसके मार्ग में मरे या मारा जाए तो उसे शहीद का पुरस्कार मिलता है। और जो कोई भी अल्लाह के मार्ग में जंग करते हुए घायल होता है अथवा विपदा से घिर जाता है, वह कयामत के दिन ऐसे चमकते और महकते हुए उठेगा जैसे कि केसर चमकता और कस्तूरी महकता है। और जो कोई भी अल्लाह के मार्ग में जंग करते हुए ऐसा घाव पाता है जहां से रक्त या मवाद निकलता है तो निश्चित ही उस व्यक्ति को शहीदों में विशिष्ट पहचान मिलेगी।"**[11]

जान लो कि काफिरों और इस्लाम से भटक रहे लोगों से जिहाद करना सबसे उत्तम काम है,

और जिहाद मेरे दयालु अल्लाह को सर्वाधिक प्रिय है। जैसा कि अल-बुखारी में वर्णन किया गया है

और वस्तुत: अल्लाह ने जन्नत जाने वाले लोगों के लिये सैकड़ों स्तर बनाये हैं,

उन स्तरों के बीच वैसी ही दूरी है जैसे कि धरती और जन्नत के बीच।

और जिसके भी पांव जिहाद करते हुए धूल-माटी में सनेंगे, मेरे अल्लाह द्वारा उसे भयानक पीड़ादायी दंड से बचा लिया जाएगा,

और जो भी ऊंटनी पर सवार होकर अल्लाह के मार्ग में जंग करेगा, जंग के बीच में रक्षक अथवा पृष्ठ-रक्षी के रूप में

उसने अपने लिये जन्नत का पुरस्कार व मूल्य पक्का कर लिया है। और वह कोई और नहीं, बस अल्लाह ही है जिसके प्रति इसके लिये धन्यवाद दिया जाना चाहिए।

और जिहाद के साथ ही दुश्मन आतंकित हो जाता है। और बरछे की नोंक पर झंडा लहराया जाता है।

और जिहाद गुणों की खान है और जिसमें भी सोचने-समझने की क्षमता होती है वह जिहाद करना नहीं छोड़ता है।

जो बिना किसी उचित कारण के जिहाद से बचकर पीछे बैठे रहते हैं, वे उसके समान नहीं होते हैं जो जिहाद के लिये पुकारे जाने पर आगे बढ़कर इसमें भाग लेते हैं।

---

[10] सही अल-जामी; संख्या 5419

[11] अबू दाऊद, अत-तिरमिज़ी, अन-नसाई, अहमद द्वारा वर्णित एवं सही अल-जामी संख्या 6292 में उल्लिखित

अथवा वह इबादत करने वाला जो पूरे दिन रोजा रखता है और रात भर अल्लाह की इबादत में बिता देता है।

इस उत्कर्ष एवं प्रमुखता से कुरआन की आयतें और इनका गान आयी हैं,

और इसके बाद बंदे के पास कोई विकल्प नहीं होता, केवल इसके कि बिना संदेह या किंतु-परंतु किये समर्पित हो जाए,

और तुम जहां भी खड़े हो, जिहाद का झंडा वहीं से आगे बढ़ जाएगा। अत: जिहाद पर अटल रहो।

और जंग व संघर्ष में भाग लेने में आनंद का अनुभव करो। और इस पर तुम्हें पुरस्कार व सफलता मिलेगी।

और निराशाजनक बातें करने वालों या ढोंगी मोमिन या विद्वान की बातों को अनसुना करो।

और अल—फ़ुज़ैल (इब्न इयाद) के विषय में भाग्यवान विद्वान (अब्दुल्ला इब्न अल—मुबारक) की प्रशंसा को स्मरण रखो और तुम जितना आवश्यक है उतना जान ही जाओगे।

4. अपने धन से जिहाद करो

अपने धन से जिहाद करने का अर्थ है अल्लाह के मार्ग में जिहाद और मुजाहिद्दीन एवं जिहाद के लिये आवश्यक किसी भी वस्तु या सेवा के लिये व्यय करना होता है।

शेख युसुफ अल-उयैयरी ने कहा:

''तो, अपने धन से जिहाद करने के विषय में कुरआन की जिहाद से संबंधित आयतों में बहुधा बार-बार कहा गया है तथा तन से जिहाद से पूर्व इसका उल्लेख किया गया है। पर फिर भी, इसका यह अर्थ तनिक भी नहीं है कि यह जिहाद (अपने धन से जिहाद) सबसे बड़ा है! इसका उल्लेख पहले इस कारण किया गया है कि क्योंकि धन से जिहाद उस प्रकार का है कि जब बड़ी संख्या में उम्मा के लोग जिहाद करने बढ़ते हैं, तो आदमियों की कमी नहीं होती है। किंतु जब तक पूरी उम्मा मुजाहिद्दीनों के लिये धन जुटाने का जिम्मा न उठाये और अपना धन मुजाहिद्दीनों तक न पहुंचाये, मुजाहिद्दीनों के लिये पर्याप्त धन नहीं होता है। मुजाहिद्दीन जिहाद की धमनी माने जाते हैं। इस कारण समाज का वह वर्ग जिसे अपने धन से जिहाद करने का निर्देश दिया गया है, उसकी संख्या उस वर्ग से बड़ी है जिसे अपने प्राण से जिहाद करने का निर्देश दिया गया है। इसलिये जिहाद की आयतों में उम्मा के जिस वर्ग (आदमियों, औरतों, युवाओं, प्रौढ़ों व बुजुर्गों) को संबोधित किया गया है, उसकी बड़ी संख्या को देखते हुए धन से जिहाद करने का उल्लेख पहले किया गया है तथा अल्लाह ही सर्वोत्तम जानता है।

और अपने धन से जिहाद के लिये यह आवश्यक नहीं है कि मोमिन बहुत अधिक धन व्यय करें। बल्कि वह उतना व्यय करता है जितना वह अल्लाह महान के सामने अपने सामर्थ्य के रूप में व्यय कर सकता है, क्योंकि धन से जिहाद का लक्ष्य- यदि

यह *फार्द ऐन*[12] हो जाए- तुम्हें उस कर्तव्य के बोझ से मुक्ति प्रदान करना एवं तुम जिसमें विश्वास करते हुए उसके प्रति दायित्वों से मुक्त होने के लिये भुगतान करना होता है, भले ही यह राशि कितनी भी छोटी क्यों न हो। जैसा कि अल्लाह के रसूल (उन पर शांति हो) ने कहा: **''एक दिरहम एक लाख दिरहम (पुरस्कार में) से अधिक हो गया।''** तो उनसे (उन पर शांति हो) पूछा गया: हे, अल्लाह के रसूल! वह कैसे?'' उन्होंने (उन पर शांति हो) कहा: ''एक आदमी जिसके पास दो दिरहम थे, एक दिरहम निकाला और ज़कात के लिये दे दिया तथा एक दूसरा आदमी जिसके पास बहुत धन था उसने अपने धन के विशाल भंडार में एक लाख दिरहम निकाला और ज़कात के लिये दिया।'[13]

तो अल्लाह द्वारा धन के परिमाण के आधार पर दान नहीं स्वीकार किया जाता है, बल्कि यह उस स्थिति के अनुसार स्वीकार किया जाता है, जिसमें यह दिया गया है। जैसा कि अल्लाह के रसूल (उन पर शांति हो) से पूछा गया: **कौन सा जकात सबसे अच्छा है?''** उन्होंने (उन पर शांति हो) कहा, **''वह जकात जो उसके प्रयास से आता है जिसके पास बहुत कम है।''**[14] इसका अर्थ हुआ: ऐसा जकात जो उस व्यक्ति से आये जिसके पास बहुत धन न हो और जिसे उस थोड़े-बहुत धन की भी आवश्यकता हो जो उसके पास है।

अत: अल्लाह से डरो और जो भी देने में सक्षम हो वह दो। और यह न सोचो कि जिहाद के लिये एक बार धन दे दिया तो हो गया, अपनी आय का एक भाग नियमित रूप से जिहाद के लिये देते रहो। सोचो कि जंग जारी है और मुजाहिद्दीनों को धन की आवश्यकता है।''

5. जिहाद के लिये जाने वाले लड़ाकों को तैयार करने में सहायता करो

और अल्लाह के मार्ग में जिहाद के रूपों में से एक एवं मुजाहिद्दीनों की सेवा करने का एक उपाय यह भी है कि जिहाद के लिये जाने वाले लड़ाकों को तैयार करने सहायता करो। और इस काम का बखान रसूल (उन पर शांति हो) की अनेक प्रामाणिक हदीसों में किया गया है।

''जो भी अल्लाह के मार्ग में लड़ने जा रहे लड़ाकों को तैयार करता है, वह एक प्रकार से स्वयं ही जिहाद में लड़ने वाला है। और जो अल्लाह के मार्ग में लड़ने वालों जिहादियों के परिवारों की अच्छे से देखभाल करता है वह भी वास्तव में वैसे ही जिहाद कर रहा है जैसे कि वह लड़ाका।''[15]

[12] व्यक्तिगत कर्तव्य

[13] अहमद एवं अन-नसाई द्वारा वर्णित

[14] अहमद व अबू दाऊद द्वारा वर्णित

[15] अल-बुखारी व मुस्लिम द्वारा वर्णित

"जिसने भी अल्लाह के मार्ग में लड़ने वाले जिहादियों को तैयार किया, उसे भी पुरस्कार में तनिक भी कमी न करके उतना ही पुरस्कार मिलेगा जितना कि उसको (लड़ाके को)।"[16]

और यदि किसी आदमी को जिहाद में लड़ने से छूट मिली है (जैसे कि वह अंधा, लंगड़ा आदि हो), तो उसके लिये यह बड़ा अवसर है, क्योंकि उसके पास अवसर है कि वह उसे तैयार करे जो अल्लाह के मार्ग में जंग करने जा रहा है और उसकी जंग का पुरस्कार प्राप्त करे। और इसमें कोई संदेह नहीं है कि भले और सच्चे द्वारों में से यह एक प्रभावशाली द्वार है तथा इसमें किसी के धन व जकात का सर्वोत्तम उपयोग हो सकता है।

इसके अतिरिक्त यह 'अल्लाह के मार्ग में' (फी सबीलिल्लाह) होने वाली श्रेणी में आता है।

और यह उन औरतों के लिये भी अवसर है जो अल्लाह के मार्ग में लड़ने जा पाने में समर्थ नहीं हैं, क्योंकि यह उनके सामर्थ्य में है कि वे अपने धन, गहने अथवा जो कुछ भी उनके पास है उससे जिहादियों (लड़ाकों) को तैयार करें तथा इस बड़े पुरस्कार की सहभागी बनें।

इस्लाम के आरंभिक दिनों एवं अन्य कालखंडों में भी औरतों ने बड़ी भूमिका निभाई है। हम यहां हीरो के रूप में शहीद होने वाले कमांडर अबू जफर अल-यमनी (अल्लाह उन पर दया करें) की बहन द्वारा जो किया गया था, उसका उल्लेख करना नहीं भूलेंगे। जैसा कि क्यूओक्यूएजेड डॉट कॉम वेबसाइट पर शहीद की आत्मकथा में उल्लिखित है: **उसने (जफर अल-यमनी की बहन) अपना सारा सोना बेच दिया और उससे उसे जो धन मिला उससे उसे (जफर अल-यमनी को) तैयार किया।**

तो ऐसी औरतों की जैसी औरतें कहां हैं? अपितु यह कहें, कि जिहाद के प्रति इस प्रकार का समर्पण दिखाने वाले आदमी कहां हैं?

वैसे ही उनके लिये भी अवसर है जो अपना धन दे पाने की स्थिति में नहीं हैं, ऐसे लोग देने के लिये दूसरों से धन एकत्र कर जिहादी तैयार कर सकते हैं। रसूल (उन पर शांति हो) ने कहा: "जो लोग नेक काम (जिहाद) करने में किसी की सहायता करते हैं, वो भी वैसा ही फल पाते हैं जैसा कि वह काम करने वाला बंदा।"

6. जिहादी के परिवार की देखभाल करना

... जैसा कि पूर्व में उल्लिखित हदीस को पूरा करने के लिये, रसूल (उन पर शांति हो) के कथनानुसार उनकी आवश्यकताओं व विषयों की देखभाल करना: **"... और जो भी अल्लाह की राह में जिहाद करने गये लड़ाके के परिवार की अच्छी देखभाल करता है, वह वैसा ही माना जाता है जैसा कि लड़ने वाला।"**

[16] अब्न माजह द्वारा वर्णित और यह प्रामाणिक है।

और इस अच्छे व गौरवपूर्ण कार्य की अच्छाई के बारे में जहां वर्णन किया है वह है रसूल (उन पर शांति हो) का कथन: ''तुममें से जो कोई भी उसके परिवार की अच्छी देखभाल करेगा जो जिहाद करते हुए लड़ने बाहर गया है, उसे उस लड़ाका का आधा शबाब (पुण्य) मिलेगा।''[17]

लड़ाका के परिवार की देखभाल, उनकी चिंता, उनका संरक्षण और उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति की सुविधा प्राप्त करना लड़ाका का अधिकार है और जो लोग वहीं रहते हैं जहां लड़ाका का परिवार रहता है उन लोगों का कर्तव्य है कि ये सब करें। जैसा कि इस हदीस में उल्लिखित है रसूल (उन पर शांति हो) ने कहा: **''जो जिहाद में लड़ने न जाकर घर बैठे रहते हैं उनके लिये जैसे उनकी अपनी अम्मियां वर्जित हैं, वैसे ही मुजाहिदीनों की बीवियां भी उनके लिये वर्जित (हराम) हैं तथा जो जिहाद में पीछे रहते हैं और जिन पर मुजाहिद के परिवार की देखभाल सौंपी जाती है वे उस विश्वास को तोड़ते हैं, तो कयामत के दिन उस लड़ाके को उनके सामने लाया जाएगा और उससे कहा जाएगा: ''इसने तुम्हारे परिवार को लेकर तुम्हारे साथ विश्वासघात किया है, इसलिये जो चाहो इसके पुण्यकर्मों में से अपने खाते में ले लो, 'तो वह जो चाहेगा उसके पुण्यकर्मों में से ले लेगा। तो तुम्हें क्या लगता है (इसके बाद भी तुम्हारे पास कोई पुण्य बचेगा)?''**[18]

और जो जिहाद में लड़ने नहीं जाते हैं अथवा जिहादी को तैयार नहीं करते हैं अथवा लड़ने गये जिहादी के परिवार की देखभाल नहीं करते हैं उनके लिये स्पष्ट चेतावनी दी गयी है। अत: यदि जंग के समय मुसलमान इन तीन कार्यों को नहीं करता है तो वह अल्लाह के दंड का भागी बनता है। जैसा कि अल्लाह के रसूल (उन पर शांति हो) की ओर से बताया गया है: **''जो भी जिहाद में लड़ने नहीं जाता है, अथवा लड़ाका तैयार नहीं करता है अथवा लड़ने गये जिहादी के परिवार की अच्छी देखभाल नहीं करता है, उस पर अल्लाह कयामत के दिन कोप बरसाएगा।''**[19]

शेख अबू बासिर ने कहा: **''तो किसी मोमिन को इन तीन प्रकार के मुसलमान बनने के अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार के मुसलमान बनने की अनुमति नहीं है। ये तीन प्रकार हैं या तो वह मोमिन अल्लाह के मार्ग में लड़ाका बनें अथवा लड़ने गये जिहादी के परिवार की अच्छी देखभाल करे अथवा वह अल्लाह के मार्ग में लड़ने के लिये जिहादी तैयार करे। यदि वह इन तीन में से किसी भी एक प्रकार का मोमिन नहीं है तो वह तैयारी कर ले कि उस पर कयामत के दिन से पहले अल्लाह का कोप आने वाला है। अल्लाह के अतिरिक्त कोई नहीं जानता कि यह कोप कैसा और किस सीमा तक होगा!''**

7. शहीदों के परिवारों का भरण-पोषण करें

... और उनकी विधवाओं की सहायता करना तथा उनके बच्चों व रिश्तेदारों पर ध्यान देना।

---

[17] मुस्लिम और अबू दाऊद द्वारा वर्णित

[18] मुस्लिम, अहमद, अबू दाऊद और अन-नसाई द्वारा वर्णित

[19] अबू दाऊद द्वारा वर्णित और यह प्रामाणिक है।

अत: जिहाद की सेवा की इच्छा रखने वालो और तुम्हारे बदले जिन्होंने जिहाद किया है उनकी सेवा की इच्छा रखने वालो: जिहाद में मारे गये शहीदों के परिवारों के भरण-पोषण की व्यवस्था करो और ऐसा करने में अपना पूरा प्रयास लगा दो। जैसा कि जब रसूल (उन पर शांति हो) को मुताह की जंग में जफर बिन अबी तालिब की शहादत की सूचना मिली, तो वे उनके परिवार के पास गये और फिर अपने परिवार से बोले: **"जफर के परिवार के लिये कुछ खाना तैयार करो, क्योंकि कुछ ऐसी बात हो गयी है जिसमें उनका परिवार लगा हुआ है।"**[20]

और अहमद द्वारा वर्णित हदीस का संदर्भ देकर इब्न कासिर रसूल (उन पर शांति हो) की जफर के बच्चों के साथ इस कहानी का उल्लेख करते हैं कि असमा बिंते उमैस ने कहा: "जब जफर और उसके साथी मार दिये गये, तो अल्लाह के रसूल (उन पर शांति हो) हमारे पास आये। उस समय मैं कुछ चमड़े छील रही थी, और मैंने कुछ लोई बना रखी थी और अपने बेटे को नहला दी थी और मैंने उन (चमड़ों) को साफ कर दिया था। तो अल्लाह के रसूल (उन पर शांति हो) बोले: **"जफर के बच्चों को मुझे दो।"** तो मैंने उनको उन्हें दे दिया और उन्होंने उन्हें सूंघा और उनकी आंखें (आंसुओं से) नम हो गयीं। तो मैंने कहा: 'हे अल्लाह के रसूल, मेरे अम्मी और अब्बू भी आप पर (बलिदान) कुर्बान हो जाएं! आप रो क्यों रहे हैं? क्या आपको जफर और उसके साथियों के संबंध में कोई समाचार मिला है? वो (उन पर शांति हो) बोले**: "हां, वे आज मारे गये।"**

तो मैं उठी और दहाड़ें मारकर रोने लगी और उस औरत के पास भागी। तब अल्लाह के रसूल (उन पर शांति हो) ने अपने परिवार से कहा: **"जफर के परिवार की उपेक्षा मत करना। उनके लिये कुछ खाना तैयार करो, क्योंकि वे अपने रिश्तेदार के मामले में बहुत दुखी और चिंतित हैं।"**

तो आओ हम अल्लाह के रसूल (उन पर शांति हो) को अच्छे आदर्श के रूप में लें और आओ हम शहीदों के परिवारों, उनकी विधवाओं व बच्चों की देखभाल करें, उनकी सहायता करें, उनका भरण-पोषण करें। उनके बच्चों की सहायता की जाए और सभी बुरी व कष्टकारी स्थितियों से उनकी रक्षा की जाए; यदि उसकी बीवी दोबारा शादी करना चाहे, तो उसके भरण-पोषण योग्य व्यक्ति से उसकी दूसरी शादी कर दी जाए, क्योंकि जफर की बीवी अस्मा बिंते उमैस जिसका उल्लेख ऊपर किया गया है, ने इद्दत की अवधि बीत जाने के बाद अबू बक्र आ-सिद्दीक (उनसे अल्लाह प्रसन्न हो) से शादी की।

तो ये सब करना शहीदों के प्रति हमारा कर्तव्य है और ये सब ऐसे सरल काम हैं जिनका अल्लाह की ओर से बड़ा पुरस्कार मिलता है।

इस शहीद ने इस दीन की सेवा और अल्लाह की वाणी के प्रसार में अपना जीवन न्यौछावर कर दिया, तो हम कम से कम इतना तो कर ही सकते हैं कि उसके न रहने पर उसके परिवार, उसकी बीवी व बच्चों का भरण-पोषण करें।

हो सकता है कि अल्लाह हमारी गलतियों को क्षमा कर दे और हमें भी शहीदों के कारवां में मिलने की अनुमति दे दे...

---

[20] अबू दाऊद और तिरमिज़ी द्वारा वर्णित

8. घायल व बंदी बनाये गये जिहादी के परिवार का भरण-पोषण करना

और हम जिस विधि से जिहाद और मुजाहिद्दीनों की सेवा कर सकते हैं वह यह है कि लड़ने गये जिहादियों में से जो घायल हो गये हों अथवा बंदी बना लिये गये हों उनके परिवारों का भरण-पोषण करें, क्योंकि अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिये वे स्वयं उपस्थित नहीं हैं और उनके परिवारों को सहायता की आवश्यकता होती है। अत: ऐसे मुजाहिद्दीनों के परिवारों को अकेला न छोड़ा जाए। ऐसे परिवारों का भरण-पोषण करना और उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति करना अनिवार्य होता है, क्योंकि इन परिवारों की स्थिति भी वैसी ही होती है जैसी कि जिहाद में लड़ने गये और शहीद हो गये लड़ाकों के परिवारों की।

ऐसे बंदियों के परिवारों व उनके रिश्तेदारों की विशेष चिंता की जानी चाहिए, क्योंकि बंदी बनाये गये अपने बेटे के बारे में उनकी वेदना अपार होती है और उस बेटे का क्या होगा यह सोचकर उनका दुख व चिंता निरंतर बढ़ती जाती है। इसलिये यह आवश्यक होता है कि ऐसे परिवार के लोगों को धीरज रखने और सहन करने को प्रेरित किया जाए और उनसे कहा जाए कि उनके संकट में हम सब उनके साथ हैं।

और एक और बात जो पायी जाती है वो यह है कि बंदी बनाये गये इन लड़ाकों की बीवियों पर समाज का एक दबाव होता है और कुछ मूर्ख उनके शौहरों का उपहास करते हुए उन्हें छेड़ते हैं और उनकी इस स्थिति का लाभ उठाते हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि ऐसा काम वही करते हैं जिनका कोई चरित्र नहीं होता है, जिसके पास शिष्टता नहीं होती है। अत: हमारे पास बंदी बनाये गये भाइयों की बीवियों के साथ भरण-पोषण कर्ता, संरक्षक व समर्थक के रूप में खड़े होने तथा उनको धीरज रखने के लिये प्रोत्साहित करने के अतिरिक्त और कोई विकल्प नहीं होता है।

और अल्लाह तब तक अपने बंदों की सहायता करेगा, जब तक कि वे अपने भाइयों की सहायता करेंगे।

9. मुजाहिद्दीनों के लिये धन एकत्र करें

इसमें कोई संशय नहीं है कि धन जिहाद की जीवन-रेखा है और जिहाद व मुजाहिद्दीनों के सबसे लाभकारी यह है कि उम्मा का कोई समूह अथवा पूरी उम्मा धन एकत्र करे और जिहाद में लड़ने वाले लोगों के पास भेजे। जिहाद पर इसका प्रभाव किसी से छिपा नहीं है। इसी से तो संसारभर में काफिर अचंभित हैं, क्योंकि उन्होंने मुजाहिद्दीनों के संसाधनों को नष्ट करने का प्रयास किया है और उन लोगों पर दबाव बना दिया है, जो मुजाहिद्दीनों की सहायता करते हैं। इसके बाद भी मुजाहिद्दीन अपने मार्ग पर आगे बढ़ते जा रहे हैं, क्योंकि **"...उन्हें उनसे हानि नहीं पहुंच सकेगी जो उनका विरोध करते हैं अथवा जो उनसे विश्वासघात करते हैं।"**

और जब जिहाद का आंदोलन आह्वान करता है और अन्य लोगों को इस पर व्यय करने को प्रेरित करता है, तो इसका अर्थ यह नहीं है कि यह कोई चैरिटी संगठन है, जो किसी से भी चंदा मांगने के लिये दानपेटी लिये घूमता रहता है, क्योंकि यह एक ऐसा आंदोलन है, जो प्रथमत: (अल्लाह के बाद) अपने पर ही निर्भर होता है। जब यह किसी अच्छे मोमिन से दान स्वीकार करता है, तो

उससे पहले उनकी सहानुभूति और दावा (अन्य लोगों को इस्लाम में लाने का प्रयास) की भावना एवं जिहाद में सम्मिलित होने की इच्छा को स्वीकार करता है। अत: यह अपने को ऐसे स्तर पर नहीं गिराता है, जो इसकी मान्यताओं और इसके संघर्ष में दाग लगायें। ऐसा करते हुए यह अल्लाह के रसूल (उन पर शांति हो) के उस उदाहरण का भी अनुपालन करता है, जिसमें वह अपने साथियों से अल्लाह के मार्ग में व्यय करने को कहते थे और इस प्रकार एकत्र धन से लड़ाकों को तैयार करते थे।

और उत्तरदायित्व की सामूहिक पूर्ति एवं दीन-आधारित सहयोग का ऐसा सुंदर उदाहरण तब दिखता है, जब रसूल (उन पर शांति हो) की सभी जंगों में लड़ाकों को तैयार करने के लिये धन व्यय करने में मोमिनों के बीच होड़ लग जाती थी। विशेषकर तबूक की जंग देखिए, जब मुसलमान दौड़ पड़े और अपना धन व पूंजी दे दिया और आदमियों व औरतों में से सबसे भद्र लोग जंग में भाग लिये।

और इससे अच्छा क्या होगा कि मुक्त हस्त से मुजाहिद्दीनों के लोगों को अपना धन देकर, उनकी सहायता करके, उनके लिये कुर्बानी देकर इस्लामी एकता के पुनरुत्थान पर इस्लाम के बेटों को बड़ा करो। क्योंकि मुजाहिद्दीनों के लोग ही हैं जो उन्हें अल्लाह की बातों के प्रचार के लिये अपना जीवन न्यौछावर करने और जंग के मैदान में अपना सबकुछ देने में होड़ लगाने के लिये पाल-पोस कर बड़ा करते हैं।

वस्तुत: यही सही पालन-पोषण है; ऐसा पालन-पोषण जो दीन के लक्षणों और मजहब के ढर्रे पर हो। और जो भी मुसलमान इस प्रकार का व्यापक जिहादी पालन-पोषण पाया होगा, वह अपने धन के अंतिम अंश के व्यय हो जाने तक भी दीन के लिये व्यय करने में कृपणता (कंजूसी) नहीं करेगा। ऐसा मुसलमान अपने मुजाहिद भाई द्वारा सहायता व सहयोग की पुकार किये जाने पर उसके पास भागकर जाने में संकोच नहीं करेगा:

हे इस्लाम में मेरे भाई, वस्तुत: दीन कुछ ऐसा होता है जो कयामत के दिन तुम्हारे लिये आनंद लायेगा।

इसलिये दीन के लिये जो अच्छा है उसके लिये प्रयास करो और कुर्बानी की होड़ करो, क्योंकि तब अल्लाह कयामत के दिन तुम्हें पुरस्कार देगा।

शेख युसुफ अल-उयैयरी (अल्लाह उन पर कृपा करे) ने कहा: "और जिनके पास दीन पर व्यय करने के लिये आय या धन नहीं है, उन्हें उन लोगों, औरतों, बच्चों और विशिष्ट व्यक्तियों व सामान्य व्यक्तियों से धन एकत्र करना चाहिए जिनके पास धन है। और जो धन एकत्र करने में भी असमर्थ हैं, वे कम से कम इतना तो करें ही कि अन्य लोगों को तन-मन और धन से जिहाद करने के लिये प्रेरित करें और वे अन्य लोगों से निवेदन करें कि जब उनसे जिहाद के लिये धन मांगा जाए तो देने में कृपणता न करें।"

और मुजाहिद्दीनों के लिये धन एकत्र करने के बहुत से उपाय हैं, जिसका उल्लेख यहां नहीं किया जा सकता है। किंतु जो महत्वपूर्ण बात है वह यह है कि आप दीन के लिये धन एकत्र करने के पूर्णरूपेण समर्पित हों। यदि दीन के लिये धन एकत्र करने की आपकी इच्छा और संकल्प पक्का है, तो आपको इसके लिये असंख्य उपाय मिल जाएंगे और आप अपने बीच उपस्थित काफिरों के

सहायकों और काफिरों की ओर से धर्मयुद्ध लड़ने वाले लोगों एवं मुजाहिद्दीनों के शत्रुओं द्वारा मार्ग में उत्पन्न की जा रही प्रत्येक बाधा को पार कर जाएंगे।

मैं इसकी चिंता नहीं करता कि मेरा मार्ग बोझ व अवरोधों से भरा हुआ है।

तब हमारे लिये यह पक्के रूप से जानना आवश्यक है कि जिहाद के लिये धन एकत्र करना अनिवार्य है और यह जिहाद लड़ने वाले भाइयों पर तुम्हारा कर्तव्य है, न कि उपकार। उपकार तो अल्लाह महान का है- और वही है जिसे मार्ग दिखाने के लिये धन्यवाद किया जाना चाहिए, क्योंकि वही है जिसने आपको अगली पांत में जाकर जिहाद के लिये लड़ने वालों की सेवा का अवसर दिया। कितने लोगों को अल्लाह ने जिहाद में भाग लेने की कृपा से वंचित रखा और कितने थोड़े से लोगों को उसने जिहाद में मरने-मारने के लिये चुना? तो हे अल्लाह! हमें उन थोड़े लोगों में एक बना दो जिहाद के लिये जंग करते हैं...

और आइए, हम अल्लाह महान की बातों को स्मरण करें:

सुनो! तुम्ही लोग हो, जिन्हें अल्लाह के मार्ग में खर्च करने को बुलाया जा रहा है, फिर भी तुममें से कुछ कंजूसी करने लगते हैं। और जो कंजूसी करता है, तो वह अपने आप ही से कंजूसी करता है। पर अल्लाह धनी है और तुम निर्धन हो। और यदि तुम मुंह फेरोगे, तो वह तुम्हारे स्थान पर दूसरों को ले आयेगा और वे तुम्हारे जैसे नहीं होंगे।"[21]

और आइये अपने प्यारे मुहम्मद (उन पर शांति हो) के शब्दों को अपनी आंखों के सामने रखें: "जो कोई दीन के काम के किये जाने में सहायक बनता है, वह वैसा ही शबाब पाता है जैसा कि दीन का काम करने वाला वह व्यक्ति", और यह हदीस कहती है: "हे अल्लाह! जो मुक्त हस्त से व्यय करता है उसकी क्षतिपूर्ति करो और जो कंजूस है उन पर विनाश लाओ।"

10. उनको जकात दो

जकात हमारे धन पर अल्लाह का अधिकार है और आज जिन्हें हमारे धन की सर्वाधिक आवश्यकता है वो हैं मुजाहिद्दीन। वे ही हमारे धन को लेने के सबसे अधिक पात्र हैं, क्योंकि वे ही सच में "अल्लाह के मार्ग" में निर्धन, यात्री आदि हैं।

शेख अब्दुल्ला आजम (अल्लाह उन पर दया करे) ने बताया है: इब्न तैमिय्याह से भूखे को खिलाने और जिहाद के लिये धन की कमी के बारे में पूछा गया, क्योंकि धन की कमी से जिहाद में बाधा आती तो उन्होंने कहा: हम जिहाद को प्राथमिकता देते हैं, भले ही भूखे मर जाएं। वैसे ही जैसे कि मानव को ढाल बनाने के विषय में है (जिसमें प्राथमिकता यह होती है कि काफिरों पर हमला किया जाए, भले ही काफिर मुसलमानों को अपनी ढाल बनाये हुए हों और उस हमले में ढाल बनाये गये वो मुसलमान मारे जाते हैं, तो मारे जाएं)। (हमारे लिये जिहाद चलाते रहना अधिक महत्वपूर्ण है, भले ही इस काम में कुछ मुसलमान मारे जाएं) अर्थात हमारे लिये जिहाद अधिक महत्वपूर्ण है। ऐसा इसलिये है क्योंकि मानव ढाल के प्रकरण में हम अपनी कार्रवाई से मार रहे

---

[21] मुहम्मद;38

होते हैं, जबकि इस प्रकरण में (उन्हें अर्थात भूखे मुसलमानों को जकात का धन न देने के प्रकरण में) वे अल्लाह की कार्रवाई से मर रहे होते हैं।''

अल—कुर्तुबी ने कहा: ''विद्वान इस पर सहमत हैं कि यदि मुसलमान जकात दे दें और उसके बाद भी दीन की कोई आवश्यकता आ पड़े, तो उनके लिये यह अनिवार्य है कि वे उस आवश्यकता की पूर्ति के लिये अपना धन दें।''

और मलिक ने कहा: ''मोमिनों के लिये यह अनिवार्य है कि वे बंदी बनाये गये मुसलमानों को छुड़ाने के लिये धन दें- भले ही इस काम में उनका सारा धन चला जाए- इस पर सहमति है।''

शेख अब्दुल्ला आजम (अल्लाह उन पर दया करें) ने कहा: ''और दीन की रक्षा करने वालों को (मुसलमानों के) प्राणों की रक्षा करने वालों पर प्राथमिकता दी जाती है तथा प्राणों की रक्षा करने वालों को धन की रक्षा करने वालों पर प्राथमिकता दी जाती है। किसी धनिक का धन मुजाहिद्दीन के खून से अधिक मूल्यवान नहीं है, अत: धनिकों को उनके धन के संबंध में अल्लाह द्वारा दिये गये आदेश को ध्यान रखना चाहिए! जिहाद को सर्वाधिक आवश्यकता है और मुसलमानों का मजहब और भूमि संभावित खतरे की ओर खुली हैं और धनी मुसलमान अपनी विलासिता में डूबे हुए हैं। और यदि धनी मुसलमान एक दिन के लिये अपनी विलासिता छोड़ दें और व्यर्थ की बातों में अपना धन लुटाने से अपना हाथ रोक दें और इसके बजाय अपना धन मुजाहिद्दीनों की ओर भेज दें, वही मुजाहिद्दीन जो ठंड से मर रहे हैं और जिनके अंग ठंड से सुन्न पड़ने के कारण कट गये और जिनके पास अपनी सहायता और अपना रक्त बहने से बचाने के लिये कोई व्यवस्था नहीं है। मैं कहता हूं: यदि धनी मुसलमान अफगान मुजाहिद्दीनों को उतना धन दे दें जितना कि वह एक दिन में अपने ऊपर व्यय करते हैं तो उनके उस धन से- इंशाअल्लाह (अल्लाह ने चाहा तो) जिहाद की फतह में बड़ा कदम होगा।''

अत: मुजाहिद्दीनों को जकात देना अनिवार्यता है, क्योंकि यह अल्लाह का तुम्हारे धन पर अधिकार है और यह शेख मुहम्मद बिन उसैमिन (अल्लाह उन पर दया करे) और शेख अब्दुल्लाह बिन जिबरीन (अल्लाह उनकी रक्षा करे) द्वारा बताया गया है: ''यदि जिहाद की भूमि में मुजाहिद्दीनों और सताये गये मुसलमानों के लिये लाभकारी हो तो कुछ स्थितियों में पहले भी जकात देने की अनुमति है।''

और इसमें संशय नहीं है कि जकात का केवल चौथाई भाग ही जिहाद व मुजाहिद्दीनों पर व्यय किया जाना है और हम यह कर पायें तो इसका बड़ा परिणाम देखेंगे और इससे विश्व के कोने-कोने में मुजाहिद्दीनों की आवश्यकताओं की पूर्ति हो जाएगी। और यदि आप कुछ लोगों से कहें कि मजहब के लिये व्यय करें और अपने धन की रफीदाह की कुर्बानी दें तो आपको निम्नलिखित दो उत्तर मिलेंगे:

1) यह कि उनके पास उनका साथ देने के लिये राज्य है और

2) यह कि वे अपने नेताओं को खुम्स[22] देते हैं।

और मैं उनके उत्तर में कहूंगा: हम इसकी प्रतीक्षा न करें कि राज्य जिहाद के लिये धन उपलब्ध कराने को अहलुस-सुन्नत करेगा अथवा लोगों की आय का पांचवां भाग लेकर देगा। अपितु हम उस जकात के चौथा भाग भर मांगे, जिसका उपयोग अकस्मात आने वाली प्रतिकूल स्थितियों से निपटने में किया जाए। और स्वयं से पूछो: तुम्हारे जकात का कितना धन विश्व के विभिन्न देशों में इस्लामी केंद्र बनाने में व्यय किये गये हैं, जबकि नवनिर्मित तालिबान इस्लामी राज्य को ऐसे मुसलमानों की आवश्यकता है जो उस पर धन व्यय कर सकें। पर देखिये धन की कमी होने पर भी तालिबान इस्लामी राज्य अपनी सोच नहीं डिगा और जब उसके अमीर उल-मुमिनीन अल-मुल्ला उमर को चेचन्या के ग्रोजनी में मुजाहिद्दीनों की बुरी आर्थिक स्थिति का पता चला, तो उन्होंने मुसलमानों के बैत अल-माल[23] का देखरेख करने वाले से पूछा कि कितना धन है और उन्हें बताया गया कि तालिबान राज्य के पास केवल 300,000 अमरीकी डालर हैं। तब मुल्ला उमर ने बैत अल-माल के खजांची को कहा कि चेचन्या में मुजाहिद्दीनों के पास इस धन का एक तिहाई भेजा जाए!!

देखो! एक पूर्ण मुसलमान राज्य जिसके पास केवल 3 लाख अमरीकी डालर ही था, जबकि मुसलमानों द्वारा दिया जा रहा जकात यहां-वहां भेजा जा रहा था, उचित स्थान पर न भेजकर व्यर्थ उपयोग किया जा रहा था! और जब अफगानिस्तान के विरुद्ध हाल का धर्मयुद्ध प्रारंभ हुआ तो इस्लामी राज्य के कोषागार में केवल 70000 अमरीकी डालर रह गये थे!!

हे अल्लाह! अहलुस-सुन्नत कितना अचंभित करने वाला है! यहां तक जो जकात वे अपने धन में से देते हैं, उसे उचित स्थान पर नहीं लगाया जा रहा है!

और अल्लाह सहायता का स्रोत है और उसी पर सारा आसरा है।

11. घायलों के उपचार में सहायता करो

…और उनके उपचार व औषधियों को क्रय करने में सहायता करके अथवा उनके उपचार का व्यय वहन करने अथवा चिकित्सक के वेतन का भुगतान करके ऐसा किया जाता है। और इसमें संशय नहीं है कि बड़ी संख्या में मुजाहिद्दीन घायल होते हैं और जब उनके उपचार की व्यवस्था की जाती है, तो यह उनकी बड़ी सेवा होती है और निम्न प्रकार के लोगों से ऐसी सेवा की अपेक्षा की जाती है:

- ऐसे चिकित्सक व फॉर्मासिस्ट जिनके पास घायलों के उपचार का कुछ अनुभव व अंतदृष्टि हो
- वे लोग जो उस स्थान पर रहते हों, जहां जिहाद चल रहा हो। चूंकि ये लोग जहां जिहाद हो रहा हो उस स्थान पर जाने और उपचार करने में सक्षम होते हैं, अत: ये लोग वो कर सकते हैं जो अन्य लोग नहीं कर सकते हैं।

[22] जंग में लूटे गये धन का पांचवां भाग

[23] कोषागार

- यदि तुम अन्य स्थान पर हों और तुम्हारे पास घायल किसी अन्य स्थान से आये हों, तो उन घायलों को आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराओ तथा उनके संबंधित बिल का भुगतान करो।

और इसी प्रकार यह भी सामान्य नियम है कि जो लोग मुजाहिद्दीनों पर अपना धन व्यय करने में समर्थ हों वे घायल व चोटिल मुजाहिद्दीनों पर भी अपना धन व्यय करें।

12. मुजाहिद्दीनों की प्रशंसा करो और उनके कार्यों का गुणगान करो तथा लोगों से उनके पदचिह्नों पर चलने का आह्वान करो

और जिहाद व मुजाहिद्दीनों की सेवा करने के उपायों में से एक एक यह भी है कि मुजाहिद्दीनों की प्रशंसा करो, उनके साथ अपना नाम जोड़ने में गर्व का अनुभव करो और उनके कार्यों का गुणगान करो, उनकी कहानियां लोगों को सुनाओ और इस मजहब के शत्रुओं के विरुद्ध जंग में उनके साथ हुए चमत्कारों व विजयों को लोगों को बताओ। इस प्रकार ऐसा करने से हृदय अतीत के गौरव व सम्मान से सुगंधित हो उठता है और उसे नयी ऊर्जा मिलती है। मुजाहिद्दीनों ने अपना प्रतिष्ठित खून, पवित्र अंग और अपनी स्वच्छ व विशुद्ध रूह दिया है, उसकी गाथा लिखकर पुस्तकों का पहाड़ खड़ा कर दो:

प्रत्येक दिन, जन्नत में जाने वाले कारवां, जिसमें शहीद होते हैं और सबकुछ जानने वाला अल्लाह इससे प्रसन्न होता है,

उन्होंने जो किया है, उसका वर्णन मैं कैसे करूं? मैं नि:शब्द हो गया हूं और लेखनी सूख गयी है।

और उनकी कहानियों के उल्लेख में लोगों के लिये एक आह्वान होता है कि वे उनके उन पदचिह्नों पर चलें जिन पर चलकर वे रसूल मुहम्मद (उन पर शांति हो) के आदर्शों पर आगे बढ़ सके। और तुम्हारे लिये इससे अच्छा क्या होगा कि तुम मुजाहिद्दीन बनकर उम्मा के लिये एक आदर्श बनो। इस संसार की सुख-सुविधा के लोभ में खोने की अपेक्षा वैसे मुजाहिद्दीन बनो, जो इस दीन के झंडे को उठाने के लिये अपना जीवन देता है।

उम्मा को जानना चाहिए कि जिहाद और मुजाहिद्दीन और शहीद का इतिहास कोई अलग-थलग पड़ा अकेला टुकड़ा नहीं है। अपितु यह तो इस निरंतरता वाले प्रतिष्ठित उम्मा के इतिहास में एक सतत् श्रृंखला है, जिसे मुहम्मद (उन पर शांति हो) और उनके साथियों ने प्रारंभ किया था और लोग आज भी उनके पदचिह्नों का अनुसरण करते हैं।

जो मुजाहिद्दीनों के कारवां में सम्मिलित होता है, वह उस सच्चे इस्लाम से दूर नहीं होता है जिसे रसूल मुहम्मद (उन पर शांति हो) लेकर आये थे, बल्कि वह उनके मार्ग पर चल रहा होता है। और जो पूछते हैं कि क्यों आज के विद्वान जिहाद के लिये नहीं जाते हैं और अल्लाह के मार्ग में जंग नहीं करते हैं, उनको मुझे कहना है: हमारे आदर्श मुहम्मद हैं, न कि वे जिनका झुकाव इस संसार में और उसमें खो गये हैं। ऐसे व्यक्ति कितने बड़े नाम या पद वाले हों, पर हमारे आदर्श नहीं हैं:

उन्होंने कहा: "विद्वानों या इबादतियों में क्या कोई है, जिसके पदचिह्नों पर तुम चल सकते हो?"

मैंने कहा: "रसूल मुहम्मद और उनके साथी, जो सतत् जिहाद करते रहे।

वस्तुत: मेरा उदाहरण इब्न अल-वलीद और मुसाब और इब्न अज-जुबैर और शेष अंसार है।"

उन्होंने कहा: "तुम्हारे मार्ग में कठिनाइयां बिखरी पड़ी हैं, तो तुम खतरों वाला जीवन क्यों चाहते हो?"

मैंने कहा: "कठिनाइयां हमारे जन्नत के मार्ग का वर्णन हैं और जैसा कि इस संसार का आनंद है जो जन्नत की आग के मार्ग का वर्णन है।"

अत: यह आवश्यक है कि लोगों और उम्मा का आह्वान किया जाए कि वे मुजाहिद्दीनों को अपने जीवन का उदाहरण बनायें, जिससे कि उम्मा अपने अतीत के वैभव को पुन: प्राप्त कर सके, क्योंकि इस उम्मा के बाद के भाग में सुधार नहीं होगा, सुधार बस वही होगा जो इसके पहले के भाग में हुआ है।

13. मुजाहिद्दीनों को प्रोत्साहित करें और उन्हें जिहाद करने को प्रेरित करें

